भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 11.07.2022

आरेडिका में जिम्बाब्वे के प्रतिनिधि मण्डल का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली में दिनांक 11.07.2022 को जिम्बाब्वे के एडीवी एम टी दिन्हा–बोर्ड चेयरमेन नेशनल रेलवे ऑफ जिम्बाब्वे(एन.आर.जेड.) एवं एलेश कुमार पटेल – बोर्ड मेम्बर नेशनल रेलवे ऑफ जिम्बाब्वे तथा अन्य प्रतिनिधियों ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस उच्च प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका में तैयार हो रहे कोचों का बहुआयामी अवलोकन किया। इस दौरान राइट्स के अधिकारी भी साथ रहे।

ज्ञात हो कि, आरेडिका विदेशों में कोचों का निर्यात कर रहा है , तथा भविष्य में अन्य देशों में भी कोचों के निर्यात को गति देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने जिम्बाब्वे के उच्च प्रतिनिधि मण्डल को आरेडिका में चल रहीं विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे में अवगत कराया, तथा मोजाम्बिक रेलवे के लिए बन रहे कोचों को जिम्बाब्वे प्रतिनिधि मण्डल को दिखाया गया।

जिम्बाब्वे के प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिजाइन एवं गुणवत्ता देख कर प्रसन्नता व्यक्त की और आरेडिका से कोचों को आयात करने की इच्छा व्यक्त की।

इस अवसर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एन.डी.राव, पीएफए जे एन पाण्डेय, सीडब्लूई ट्रेनसेट आर के एम पासी, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, तथा इसके साथ ही राहुल मिथाल, सीएमडी राइट्स, ए. के. सिंह जीएम एक्सपोटेक राइट्स एवं राइट्स के अन्य अधिकारी साथ रहे।

11.7.2022
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी